डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 184 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 20 अप्रेल 2025 | मूल्य 2 रुपया




## डेढ़ किलो अफीम जप्त, दो आरोपी फरार

**पिपलियामंडी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बाइक से डेढ किलो अफीम तस्करी करते दो युवक फरार हो गए। पुलिस ने लावारिस में अफीम व बाइक जब्ती में ली। जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बादरी से पिपलियामंडी की ओर बाइक से अफीम लेकर सिंदपन निवासी कैलाशसिंह पिता वालसिंह सौंधिया राजपूत व राहुल पिता भगत सिनम जा रहे है, सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी की, लेकिन दोनों आरोपी बाइक व कपड़े की थैली फेंककर भाग निकले। कपड़े की थेली की तलाशी ली तो उसमें डेढ किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने अफीम व बाइक (एमपी 14 जेडबी 5159) जब्ती में ली। टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर फरार दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## लो लग गई मुहर...



# सिर्फ प्रपोजल-प्रपोजल का खेल..!

**✲ प्रयोगशाला बनकर रहा गया तैलिया तालाब ✲ अटका सौंदर्यीकरण का काम, शासन ने लौटा दिया प्रोजेक्ट**


बेअसर पत्र: तेलिया तालाब में दम तोड़ रही मछलियां
अस्तित्व बचाने की जंग में अकेला पड़ा तालाब
निर्देश के बाद

दैनिक गुरु एक्सप्रेस में 17 अप्रेल को प्रकाशित समाचार

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। दैनिक गुरु एक्सप्रेस ने 'अस्तित्व के लिए अकेले लड़ रहे तैलिया तालाब' को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। पानी के प्रदूषण का मामला हो या सौंदर्यीकरण, सिर्फ प्रपोजल-प्रपोजल या पत्र-पत्र का खेल चल रहा है। लाखों के प्रपोजल पहले भी बनाकर भेजे गए। इसके बाद पौने दो करोड़ का प्रपोजल अमृत-2 योजना अंतर्गत भेजा गया। इसको लेकर नगरपालिका के जनप्रतिनिधि और अधिकारी तगड़े आश्वस्त नजर आ रहे थे। लेकिन यह प्रोजेक्ट या सपना भी अटकता नजर आ रहा है। इसका कारण है कि शासन ने इसे वापिस लौटा दिया है।**

दो साल पहले गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया और तैलिया तालाब पर लाखों रुपए सौंदर्यीकरण के नाम पर खर्च किए गए। लाखों रुपए खर्च जरुर किए गए, लेकिन परिणाम सकारात्मक नजर नहीं आया। कई बार निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर सवाल भी उठे और मरम्मत की जरुरत भी पड़ी। इस तरह के प्रयोग सालों से सौंदर्यीकरण को लेकर किए जा रहे हैं। इसके बाद फिर से तैलिया तालाब रूपी प्रयोगशाला पर फिर से पौने दो करोड़ रुपए खर्च करने का प्लान तैयार किया गया था। पौने दो करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया। लेकिन, अब यह प्रोजेक्ट फिर से खटाई में पड़ गया है। शासन ने इसे निरस्त कर दिया। पौने दो करोड़ का प्रोजेक्ट कई माह से अधर में झूल रहा है। अब नपा को इस पर नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया करना होगी।

### नपा सभापतियों ने ली थी आपत्ति...

नपा ने तेलिया तालाब सौंदर्यीकरण का प्रोजक्ट अमृत-2 में बनाया। इसका टेंडर हुआ। लेकिन, उस पर नपा के सभापतियों ने ही पूर्व में गुणवत्ताविहीन कामों का हवाला देकर आपत्ति ली और इसे निरस्त करने का मसला उठाया। किन्तु टेंडर होने के बाद निरस्त करना नपा के हाथ में नहीं शासन स्तर का मामला हो जाता है। शासन स्तर से टेंडर होने के बाद काम उसी से कराने का दबाव बनाया और मामले में नपा के अधिकारियों को फटकार तक लगाई गई।

### इसलिए वापिस हुआ प्रोजेक्ट...

इसके बाद प्रक्रिया आगे बढ़ी और एसएलटीसी में मंजूरी के लिए भेजा गया। लेकिन, टेंडर के बाद एसएलटीसी तक 180 दिन से अधिक हो गए और तकनीकी अमले ने नियमों के अनुसार टेंडर के बाद 180 दिन होने का हवाला देते हुए इसे निरस्त कर फिर से टेंडर प्रक्रिया के निर्देश दिए। प्रक्रियाओं में लेटलतीफी के कारण ही मामला उलझा और अब नए सिरे से नपा को प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ेगा।

## फूड पाइजनिंग: शादी की मिठाई ने पहुंचाया अस्पताल...

# फतेहगढ़ में डेढ़ सौ की तबीयत बिगड़ी





**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा क्षेत्र के फतेहगढ़ में शादी समारोह का खाना खाने के बाद करीब डेढ सौ लोगो की तबीयत बिगड़ गई। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। इसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। इधर देखते ही देखते संख्या बढ़ती गई। बाद में सरकारी स्कूल को अस्पताल का रूप दिया गया। यहां लोगों का उपचार किया गया। इधर सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी हरकत में आए। सूचना मिलने के बाद सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपीन जैन और पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया भी गांव पहुंचे। यहां अधिकारियों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही मरीजों और उनके परिजनों से भी बात की। बताया जा रहा है कि मिठाई खाने के कारण यह घटना हुई। इसके बाद दलौदा स्थित डेयरी पर प्रशासन की टीम भी पहुंची। यहां श्री राम दूध डेयरी को सील किया गया है।

गुरुवार 17 अप्रैल की शाम को फतेहगढ़ में आयोजित शादी समारोह में लगभग 500 लोगों ने भोजन किया था, कुछ लोग बाहर से शादी में शिरकत करने आए थे। समारोह में शामिल होने के बाद सभी लोग अपने-अपने गांव लौट गए थे। इसके बाद शुक्रवार से ही कुछ लोगों की तबीयत बिगडना शुरु हो गई थी, जिन्होंने अपना उपचार अपने स्तर पर करवा लिया था। इसके बाद शनिवार सुबह गांव के लगभग दो सौ लोग एक साथ बीमार हो गए। मरीजों के इलाज के लिए आनन-फानन में फतेहगढ़ के सरकारी स्कूल में व्यवस्था की गई। मन्दसौर के बड़े अस्पताल और धुंधडका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉक्टरों की टीम लोगों के इलाज के लिए पहुंची है।

### इनका कहना...

फतेहगढ़ में लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए हैं, उनका इलाज किया जा रहा है। अभी एक टीम ओर भेज रहा हूं, वहां स्थिति अभी कंट्रोल में है। दवाइयां और अन्य जरूरी सामान भी वहां पहुंच रहा है।

**जीएस चौहान**
**सीएमएचओ मंदसौर**

### मिठाई खाने के बाद बिगड़ी तबीयत

घटना की जानकारी मिलते ही सांसद सुधीर गुप्ता और विधायक विपिन जैन मौके पर पहुंचे और बीमार लोगों का हालचाल जाना। स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी है। अधिकारियों ने बताया कि 17 अप्रैल की रात को एक शादी समारोह में करीब 500 लोगों ने भोजन किया था। इसके बाद सभी अपने घर आ गए थे। इसके बाद शनिवार सुबह करीब 150 लोगों की तबीयत खराब होने लगी। सभी का फतेहगढ़ के सरकारी स्कूल में इलाज किया जा रहा है। मिठाई खाने के बाद तबीयत बिगडना बताया जा रहा है। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मरीजों का उपचार किया जा रहा है। मेडिकल टीम पूरी तरह से लगी हुई है। साथ ही सांसद सुधीर गुप्ता ने शादियों में बनने वाली मिठाईयों को लेकर सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील भी की। मंदसौर विधायक विपिन जैन ने बताया कि अभी प्रशासन से बात कर स्कूल और धर्मशाला में इलाज शुरू करवाया है। 150 व्यक्तियों की जान आफत में आ गई थी। कलेक्टर और सीएमएचओ संपर्क में है।



## वृद्धा के साथ चेन स्नेचिंग का मामला...

## चेन खरीदने वाले सहित चार गिरफ्तार

**शामगढ़, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र में विगत दिनों चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया था। जिसमें मंदिर से घर जा रही एक वृद्धा के गले से अज्ञात बदमाश सोने की चेन खींचकर भाग गये थे। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें चेन खरीदने वाला व्यापारी भी शामिल है। जिसने आरोपियों से यह चेन खरीदी थी।

बीती 31 मार्च को राधा पति कृष्णकुमार मुजावदिया उम्र पैसठ वर्ष निवासी शामगढ़ मंदिर में पूजा कर घर लौट रही थी। रास्ते में मोटर सायकल सवार दो बदमाश उनके गले से सोने की चेन खींच कर भाग गए थे। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की। घटना स्थल के आसपास व बदमाशों के आने जाने के रूट के करीब 150 सीसीटीव्ही चैक किए गए। जांच के बाद संदेही धीरज पिता मोहनदास बैरागी निवासी रावतपुरा थाना गंगधार तथा लालु उर्फ लाला पिता रामचंद्र बैरागी निवासी ग्राम सगोरिया थाना शामगढ़ हाल मुकाम ग्राम जमुनिया थाना बड़ौद जिला आगर मालवा को अभिरक्षा में लिया गया। इन्होंने पूछताछ में वारदात करना कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि लालू उर्फ लाला बैरागी के द्वारा महिला से चेन झपटी थी। इसके बाद धीरज बैरागी के साथ मोटर सायकल पर बैठकर आरोपी भाग निकले। आरोपी लाला बैरागी व धीरज बैरागी के द्वारा अपने साथी अमृतलाल बैरागी निवासी सेमलिया के माध्यम से महिदपुर में प्रतीक सोनी निवासी महिदपुर सीटी जिला उज्जैन को चैन बेचना बताया। जिसके बाद पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर चारो को गिरफ्तार कर लिया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गरोठ, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** एक सड़क हादसे में चंदवासा निवासी जगदीश गुर्जर उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर को बर्डिया अमरा गांव के 8 लाइन 4 लाइन चौराहे पर हुई। जगदीश अपने एक परिचित की कुशलक्षेम पूछने के लिए चंदवासा से झालावाड़ अस्पताल बाइक से जा रहे थे। सूत्रों के अनुसार, पिकअप ने बाइक को टक्कर मारी है। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। गरोठ थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## कार ने मारी कार को टक्कर, एक घायल

**पिपलियामंडी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कार की टक्कर से कार सवार युवक घायल हो गया वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई। इन्द्रा नगर नीमच निवासी महेन्द्रकुमार पाटनी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई मैं कार (एमपी 44 सीए 3421) से नीमच जा रहा था। कार बेटा मनन चला रहा था। महू-नीमच मार्ग पिपलिया टेकरी बालाजी मंदिर के सामने कार (आरजे 22 सीसी 5589) के ड्राइवर ने ओवरटेक करते हुए साइड से टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई व मेरे बेटे मनन को चोंटे आई। पुलिस ने कार ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

## आज गांधी सागर अभ्यारण्य में आएंगे चीतें...

# तैयारियां पूरी, 16 किमी का बाड़ा बनेगा नया घर



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के कूनों अभयारण्य से दो चीतों को आज 20 अप्रेल दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे गांधीसागर अभ्यारण्य में लाया जाएगा। दोनों नर चीते भाई है। जिसकी वजह से दोनों के लिए 16 किलोमीटर का एक बाड़ा तैयार किया गया है। जिसमें इनको मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव छोड़ेगें। दोनों के नाम प्रभास और पावक है। दोनों भाईयों के स्वागत के लिए मंदसौर-नीमच वनविभाग सहित प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

जानकारी के अनुसार 64 वर्ग किलोमीटर का रावलकुडी में बाड़ा तैयार किया गया है। इसमें दोनों चीतों के लिए 16 वर्ग किलोमीटर का बाड़ा तैयार कर दिया गया है। इसके अलावा दोनों के खाने की व्यवस्था पर नजर डाले तो इस 16 वर्ग किलोमीटर बाड़े में 150 चीतल, 70 चिंकारा, 50 जंगली सुअर और 50 नील गाय है। इसके अलावा पीने के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी की गई है। इन पर 24 घंटे निगरानी के लिए दल भी तैयार किया गया है। इसके अलावा डॉक्टर की पदस्थापना की गई है। ताकि स्वास्थ्य संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण हो। बाड़े में हाई डेफीनेशन के सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है।

**एक ही बाड़े में रह सकते हैं दोनों-** वनविभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों चीते भाई है। जिसके चलते ये एक ही बाड़े में रह सकते है। यह कूनों से साढ़े तीन बजे रावलकुडी चीता प्रोजेक्ट में बनाए गए बाड़े में पहुंच जाएंगे। यहां इनको छोड़ा जाएगा। इसके बाद ठंड के मौसम में अफ्रीका से भी सात चीते गांधीसागर अभ्यारण्य में लाए जाएंगे। इस 16 किलोमीटर के बाड़े में आमजन भी इनको देख सकते है। चीतों के आने के बाद वनविभाग का अमला जल्द ही जंगल सफारी शुरु कर देगा। ताकि पर्यटक अभ्यारण्य का आनंद ले सके।

**चीता मित्रों की आईआईएफएम में कराएं ट्रेनिंग-** एक दिन पहले बैठक में केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा, मप्र के चीता प्रोजेक्ट के लिए काम करने वाले 80 गांवों के चीता मित्रों को भोपाल से एग्रीमेंट करके ट्रेनिंग दिलाई जा सकती है। आईआईएफएम के जरिए चीता मित्रों को प्रशिक्षित करने से इनकी देखभाल में और ज्यादा मदद मिलेगी।

**10 और किंग कोबरा लाए जाएंगे-** एक दिन पहले सीएम मोहन यादव ने बैठक में कहा- हम मप्र में बसाने के लिए दस किंग कोबरा और लेकर आएंगे। अभी भोपाल के वन विहार में दो नर किंग कोबरा बैंगलुरू से लाए गए हैं। किंग कोबरा में दो नरों के बीच एक मादा किंग कोबरा रहती है। इन दस किंग कोबरा में 4 मादा और 6 किंग कोबरा लाए जा सकते हैं।

**इनका कहना-** 20 अप्रेल को दोपहर साढ़े तीन बजे कूनों से सडक़ मार्ग होते हुए गांधीसागर अभ्यारण्य में दोनों चीतों को लाया जाएगा। यहां पर चीता प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए बाड़े में एक 16 वर्ग किलोमीटर का बाड़ा इनके लिए तैयार किया गया। जिनमें इन दोनों भाईयों प्रभास और पावक को छोड़ा जाएगा। दोनों के लिए खाने की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है।

**डॉ संजय रायखेर**
**डीएफओ मंदसौर**

## अब खाद्य और पेय पदार्थ भी व्यावसायिक लाभ के लिए सांप्रदायिक घोषित किए जा रहे हैं...


चन्द्रमोहन भगत

**मंदसौर / उज्जैन, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अजब गजब है भारत के व्यापारी, नेता और क्रेता। व्यापारी के क्रेता ओर नेताओं के मतदाता को विज्ञापन इतना प्रभावित करते हैं कि यह लोग लाभ कमाने के लिए खुद ही बगैर किसी आधार और प्रमाण के किसी पेय और खाद पदार्थ को यहां तक की नाम को भी सांप्रदायिक घोषित कर देते हैं। इतना ही नहीं करने ऐसा करने वाले घोषित करने के पहले अपनी प्रस्तुति में वैमनस्य का जहर गहराई तक खोल देते हैं। फिर देश भर के सामाजिक, व्यवसायिक, प्रशासनिक जगत में कभी सांप्रदायिक बहस छिड़ जाती है तो कभी बहिष्कार से लेकर दंगों तक पहुंच जाती है। भारत में जब तब किसी न किसी कारण ऐसा वातावरण बनता रहता है। कभी देश भर में तो कभी किसी एक राज्य में और इससे फायदा किसी एक व्यक्ति को या समूह को हो जाता है पर नुकसान सिर्फ हमारे देश का होता है।

ऐसा होता है कि जिसे बराबर करने में दशकों लग जाते हैं। उसके बाद भी शासन प्रशासन यह दावा करने की स्थिति में नहीं रहता है कि यह कह सके कि भविष्य में अब ऐसा फिर से नहीं होगा। जबकि सतही नजर से ही देखे तो कुछ राज्य की सरकारों के ही भागीदार ऐसी सांप्रदायिक विघटनकारियों के पोषक पालक हैं। हाल ही में बाबा रामदेव का विज्ञापन इसका प्रमाण है कि उन्होंने रूह अफजा को सांप्रदायिक घोषित कर दिया। सिर्फ हिंदू ग्राहकों को ललचाने के लिए की रूह अफजा खरीदोगे तो मदरसे मस्जिद बनेगी। इसके पहले देश में जिलों, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, और ऐतिहासिक स्थलों के नाम को भी बदलने का दौर चला था, अभी भी चल रहा है। इस मामले में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर है। सरकार किसी भी दल की हो असर आम जनता के साथ उसके टैक्स के सरकारी खजाने पर भी पड़ता है। जैसे उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद का नाम प्रयागराज तो कर दिया पर इस पर 300 करोड़ रूपया सरकारी खजाने का लग गया। यह खर्च 1000 करोड़ तक भी हो जाता है अगर शहर बड़ा व्यावसायिक और ऐतिहासिक ख्याति रखता हो या प्रदेश की राजधानी जैसा शहर हो तब। पेय पदार्थ के पहले ही जिलों के नाम सांप्रदायिक बता कर बदल दिए गए। अगर देश में इसी तरह की सांप्रदायिक सोच का वातावरण बढ़ता रहेगा तो कस्बे, गांव, शहरों में वैचारिक वैमनस्य वातावरण बढ़ेगा। आज किसी खाद्य पेय पदार्थ को लेकर योग गुरु रामदेव सांप्रदायिक होना बता रहे हैं। भविष्य में किसी के खेत में उपजा अनाज किसी की गाय भैंस का दूध भी सांप्रदायिक हो जाएगा ! यह नजरिया देश की अधोगति का कारण बनता जा रहा है। जबकि, ताइवान इसराइल जैसे देश तकनीकी प्रगति में अपनी साख कायम कर चुके हैं। सैनिक कौशल में हमारी सेना अव्वल दर्जे की होने के बाद भी शस्त्रों के मामले में ईरान, इजरायल, तुर्की से कमतर माने जा रहे हैं। देश के कर्णधारों और प्रबुद्ध वर्गों को ही भारतीय राष्ट्रीयता की आवाज उठाना पड़ेगी। ताकि देश वैश्विक विकास में प्रगति की ओर बढ़ विश्व गुरु बने।



## प्रदेश युवा कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित, 27 अप्रैल से छह मई तक नामांकन होंगे

भोपाल निप्र। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसके लिए 27 अप्रैल से छह मई तक नामांकन की प्रक्रिया होगी। इस दौरान नामांकन पर दावे-आपत्ति 28 अप्रैल से 7 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन की जांच 7 से 9 मई तक की जाएगी और नामांकन को अंतिम रूप 11 मई को दिया जाएगा। 18 से 35 वर्ष की आयु वाले ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवायसी) एप के जरिए से वोटिंग होगी। सदस्यता के साथ ही वोटिंग का मिलेगा अधिकार। पहली बार ब्लाक अध्यक्ष का भी सीधे चुनाव होगा। सदस्य प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया लगभग पांच महीने में पूरी होगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही युवक कांग्रेस से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है।

## माँ को बोला मरने जा रहा हूँ, माँ ने सोचा हमेशा कहता रहता है

भोपाल निप्र। मां को बोला मरने जा रहा हूं, मां ने सोचा हमेशा ऐसा ही कहता रहता है। शाम को भदभदा डेम से पुलिस ने निकलवाया शव। जब माँ गुमशुदगी दर्ज करने थाने पहुंची। तो पुलिस ने फोटो दिखाई उससे हुई पहचान। थाना रातीबड़ में पदस्थ मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर गब्बर सिंह से मिली जानकारी के अनुसार मृतक शेखर राठौर पिता दरबार सिंह राठौड़ उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कल खेड़ा थाना रातीबड़ भोपाल। जिसने भदभदा पुल के पास स्थित तालाब में डूब कर अपनी जान दे दी। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा मर्चुरी में रखवा मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**इंदौर में करता था मामा के यहां काम:** मृतक इंदौर में अपने मां के यहां स्थित ज्वेलरी की छोटी सी दुकान में पूर्व में काम करता था। जहां से मामा द्वारा उसे निकाल दिया गया था। वह भोपाल अपनी मां के पास आ गया था। जो खाना बनाने का काम करती है। भोपाल में वह अपनी माँ और बहन के साथ रहता था। उसका पिता अलग रहता था। इंदौर से आने के बाद उसने डीपीएस स्कूल में गार्ड की नौकरी शुरू की थी। परंतु वह भी उसके द्वारा कुछ दिन पहले छोड़ दी गई। उसने एक मोपेड गाड़ी उठाई थी जिसकी किस्त वह नहीं भर पा रहा था। इस बात को लेकर अक्सर वह अपनी मां से कहता रहता था कि तालाब में कूद कर जान दे दूंगा।

## राजपूत बिजनेस कान्फ्रेस 20 अप्रैल को

भोपाल निप्र। राजधानी भोपाल में म.प्र. राजपूत बिजनेस फोरम द्वारा 20 अप्रैल दोपहर 2 बजे पंडित खुशीलाल आयुर्वेदिक संस्थान रजत जयंती आडिटोरियम नेहरू नगर, भोपाल में आयोजन किया जा रहा है। फोरम के संतोष तोमर ने जानकारी दी कि इस कान्फ्रेस में देश एवं विदेश नामी बिजनेसमेन शामिल होकर अपने विचार, अनुभव व मार्गदर्शन साझा करेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवा तथा व्यापारी बंधुओं को नई विधियों के बारे में अवगत कराना तथा उनको व्यापारिक नेटवर्क प्रदान कराना है। खासकर उन युवाओं को व्यापार के प्रति रुझान व रोजगार के नये अवसरो से अवगत कराना है। संतोष तोमर ने इस कान्फ्रेंस में समाज में अधिक से अधिक युवा व व्यापारिक बंधु शामिल होकर इस महत्वपूर्ण प्रयास का लाभ लेवें।

# इस गर्मी में पहली बार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सबसे गर्म रहे



भोपाल निप्र। मध्य प्रदेश में गर्मी ने अपना भीषण रूप दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश का अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। प्रदेश के 18 शहरों का तापमान 42 डिग्री पार पहुंच गया है। शुक्रवार को सीजन में पहली बार दिन का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। खजुराहो और नौगांव में तापमान क्रमशः 44.6 डिग्री और 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुना में यह 44.3 डिग्री रहा। प्रदेश के बड़े शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर भी सीजन के सब गर्म रहे। ग्वालियर में तापमान 43 डिग्री, उज्जैन में 42.8 डिग्री, भोपाल में 42.2 डिग्री, जबलपुर में 42.1 डिग्री और इंदौर में 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को 28 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। ऐसा सीजन में पहली बार हुआ है, जब इतने शहरों में भीषण गर्मी पड़ी है। ये शहर पारे से उबल पड़ेः मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को रतलाम, सागर-सीधी में 43.8 डिग्री, दमोह में 43.6 डिग्री, सतना-शाजापुर में 43.1 डिग्री, नर्मदापुरम-रीवा में 42.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 42.3 डिग्री, शिवपुरी-रायसेन में 42 डिग्री, मंडला में 42 डिग्री, धार में 41.9 डिग्री, उमरिया में 41.7 डिग्री, खरगोन में 41.4 डिग्री, मलाजखंड में 41 डिग्री, सिवनी में 40.4 डिग्री, बैतूल में 40.2 डिग्री, खंडवा में 40.1 डिग्री और छिंदवाड़ा में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### अप्रैल में मौसम तपाएगा

तीसरे सप्ताह में उत्तर-पश्चिमी हवाके जोर पकड़ने के साथ इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, नर्मदापुरम संभागों में न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। 2 से 3 दिन लू चल सकती है। हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि चौथा सप्ताह मे उत्तर-पश्चिमी हवाओं के लगातार जोर पकड़ने के साथ न्यूनतम तापमान पूरे प्रदेश में सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक यानि 27 से 30 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। दिन के साथ रातें भी गर्म हो जाएंगी। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में पारा 43-45 डिग्री जबकि इंदौर, उज्जैन-भोपाल सहित बाकी प्रदेश में 41 से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रह सकता है। बंगाल क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अप्रैल के आखिरी में 3 से 4 दिन तक लू का असर रह सकता है।

# प्रदेश में नई तबादला नीति लागू करने की तैयारी, 1 मई से ट्रांसफर बैन हटेगा



भोपाल निप्र। मध्य प्रदेश में ट्रांसफर पॉलिसी का इंतजार कर रहे कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार 1 मई से ट्रांसफर पर लगे प्रतिबंध हटा सकती है और इसके साथ ही नई तबादला नीति भी लागू हो जाएगी। लंबे समय से अटकी इस नीति का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है और कैबिनेट से इसी महीने इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। नई तबादला नीति के तहत मई और जून का माह तबादलों के लिए निर्धारित किया जाएगा। राज्य सरकार ने जनवरी में कुछ शर्तों के साथ उच्च प्राथमिकता वाले कर्मचारियों को तबादले का अवसर दिया था, लेकिन इसके दायरे में बहुत कम कर्मचारी ही आ सके। तब से ही कर्मचारी संगठनों द्वारा व्यापक तबादला प्रक्रिया की मांग की जा रही थी, जिस पर अब अमल होता दिख रहा है। ट्रांसफर नीति के अनुसार मंत्रियों को उनके अधीन विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के स्थानांतरण का अधिकार सौंपा जा सकता है। जिले की सीमा के भीतर होने वाले ट्रांसफर संबंधित जिले के प्रभारी मंत्री की स्वीकृति से किए जाएंगे।

### विभागीय मंत्री की अनुशंसा पर होगा ट्रांसफर

जब किसी कर्मचारी का स्थानांतरण एक जिले से दूसरे जिले में किया जाना हो, तो वह विभागीय मंत्री की अनुशंसा पर आधारित होगा। ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो किसी एक स्थान पर तीन वर्षों से अधिक समय से पदस्थ हैं, उनका ट्रांसफर सुनिश्चित किया जाएगा।



# विधायक विष्णु खत्री व महापौर मालती राय ने शेड निर्माण कार्य हेतु किया भूमिपूजन

भोपाल निप्र। विधायक श्री विष्णु खत्री व महापौर श्रीमती मालती राय ने बैरसिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लांबाखेड़ा क्षेत्र में शेड निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन एवं शिलापट्टिका का अनावरण किया। इस अवसर पर स्थनीय पार्षद श्रीमती अंजू राजपूत सहित बड़ी संख्या में रहवासीगण उपस्थित थे। बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री विष्णु खत्री व महापौर श्रीमती मालती राय ने शुक्रवार को जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 79 लांबाखेड़ा शारदा नगर फेस-02 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधोसंरचना योजना के अंतर्गत लगभग 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया और शिलापट्टिका का अनावरण भी किया।

# यूसीमास के 4 छात्रों को इंदौर में मिलेगी ग्रेजुएशन डिग्री

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मास्टर फ्रेंचाइजी यूसीमास म.प्र. द्वारा यूसीमास का कोर्स करने वाले प्रतिभावान छात्रों को ग्रेजुएशन डिग्री प्रदान की जाती है। इस ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर के रविंद्र नाट्य गृह में किया जा रहा है। जिसमें मंदसौर के चार प्रतिभावान छात्रों को ग्रेजुएशन डिग्री प्रदान की जाएगी।



उक्त जानकारी देते हुए यूसीमास कोर्स इंस्ट्रक्टर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि ग्रेजुएशन डिग्री यूसीमास में तीन साल का कोर्स पूर्ण करने पर दी जाती है। तीन साल के बाद यूसीमास स्टूडेंट को इंटरनेशनल ग्रेडिंग एग्जाम उत्तीर्ण करना होती है। इस एग्जाम में उत्तीर्ण होने के बाद उन्हें ग्रेजुएशन डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। मंदसौर से चार छात्र भव्या डालवानी, प्रखर मण्डवारिया, रणवीर चंदवानी, वेदांशी मण्डवारिया को यह ग्रेजुएशन डिग्री, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर इंदौर में सम्मानित किया जाएगा। जो मंदसौर के लिये गर्व की बात है। यह चारों छात्र यूसीमास कोर्स इंस्ट्रक्टर नरेन्द्र कुमार से नियमित रूप से यूसीमास की प्रैक्टिस कर रहे है। नरेन्द्र कुमार ने बताया कि मंदसौर से अभी तक 250 छात्र ग्रेजुएशन डिग्री प्राप्त कर चुके है। इन छात्रों को इस डिग्री का लाभ उनकी उज्वल भविष्य के लिये काफी उपयोगी साबित हुई है।

# ईकेवायसी 30 तक अनिवार्य रूप से करवाए

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया कि भारत शासन द्वारा राष्ट्रियि खाद्य सुरक्षा अधनियम 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी 30 अप्रेल 25 तककिये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। मंदसौर जिले में 247754 परिवारों के 1016349 सदस्यों द्वारा वर्तमान में राशन प्राप्त किया जा रहा है, जिसमे से 860016 सदस्यों द्वारा अपनी ई के वाय सी करवाई गई है। शेष रहे 156333 सदस्यों की ईकेवायसी 30 अप्रेल 25 तक जिले में विशेष अभियान चलाकर ईकेवायसी का र्का किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार समय सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी नहीं होने पर वितरित किया जा रहे खाद्यान से वंचित हो सकते है। समस्त पात्र हितग्राही 30 अप्रेल 25 तक ई के वाय सी विशेष अभियान में अपनी ईकेवायसी करवाए एंव राशन बंद होने जेसी असुविधा से बचे।

## फूड इज़ मेडिसिन की थीम पर स्वास्थ्य संस्थाओं में होंगे कार्यक्रम

भोपाल निप्र। विश्व लीवर दिवस पर शनिवार, 19 अप्रैल को लीवर स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उच्च रक्तचाप, डायबिटीज एवं नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज स्क्रीनिंग के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष यह दिवस फूड इज़ मेडिसिन की थीम पर मनाया जा रहा है।

लीवर को बीमारियों से सुरक्षित रखने के बारे में शिक्षित करने के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन होगा। साथ ही खान-पान संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि लीवर शरीर का एक बेहद महत्वपूर्ण अंग है। लीवर के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज स्क्रीनिंग, वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं।

## सुविधा विहार कालोनी में सार्वजनिक प्याऊ शुरू




हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्ड नम्बर 6 स्थित सुविधा विहार कालोनी के सामने मेन रोड पर सार्वजनिक प्याऊ लगाया गया। मटके का ठंडा पानी पीने के लिए यहां से निकलने वाले समान्य नागरिक अपनी वाहन रोक कर पानी पीते हैं। वासुदेव गुलानी ने बताया कि दिन में कम से कम 4 बार मटके में पानी मैं स्वयं भरता हूं। सन 2012 से सुल्तानपुर वाले साईं बाबा हरिगिरी गोस्वामी जी की आशीर्वाद से निशुल्क सेवा करते हैं।



# श्रीमद् भागवत कथा में झांकी ने भक्तों को किया भावविभोर, भंडारा आज

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय स्नेह नगर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने भक्ति और आनंद से परिपूर्ण होकर भाग लिया।

कथा वाचक पं. श्री सत्यनारायणजी शर्मा प्रतापगढ़ वाले द्वारा ने रुक्मिणी विवाह को आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक बताया, जो भक्त और भगवान के बीच गहरे प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर रुक्मिणी विवाह की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह समारोह को सुंदरता से दर्शाया गया। श्रद्धालुओं ने इस झांकी को देखकर भावविभोर होकर भक्ति में लीन हो गए। कथा के दौरान भजनों और कीर्तन के माध्यम से भक्तों ने भगवान के नाम का सुमिरन किया और विवाह समारोह की भव्यता में जयकारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। इस आयोजन ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद और भक्ति से परिपूर्ण किया। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने प्रवचन का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पं. शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण आज रविवार को प्रात: 11 से सायं 3 बजे तक कराया जाएगा। उसके पश्चात् कथा विश्रांति होगी तथा सायं 5 बजे से महाप्रसादी भण्डारे का आयोजन होगा। प्रारंभ में पोथी पूजन कथा आयोजक ए.पी.शर्मा, धीरज पाठक, हंसराज रौंदवाल एमपीईबी, सहित क्षेत्रवासी, महिला भक्त मित्र मण्डल एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने किया। महिला भक्त मित्र मंडल स्नेह नगर मंदसौर ने धर्मालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा व भण्डारा प्रसादी का आनंद लेने का आह्वान किया। यह जानकारी मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने दी।

# बड़े बालाजी मंदिर पर आज विशाल भण्डारा

**हजारों श्रद्धालु करेंगे प्रसाद ग्रहण, शनिवार को हुआ भट्टी पूजन**



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के तहत आज 20 अप्रैल, रविवार को विशाल भण्डारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।**

शनिवार को प्रसाद बनाने के लिये भट्टी का पूजन विधि विधान से पं. नवीन जोशी द्वारा संपन्न कराया गया। प्रसाद बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। भण्डारे को लेकर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर आयोजन समिति के विनोद रूनवाल, रवि ग्वाला, दिनेश जोशी, सज्जनलाल खमेसरा, भागीरथ हलवाई आदि उपस्थित रहे। श्री बड़े बालाजी मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा एवं प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन आज 20 अप्रैल रविवार को हो रहा है। आज प्रात: 11 बजे 101 कन्या पूजन के पश्चात भंडारा शुरू होगा जो सायं 4 बजे तक चलेगा। भण्डारे में हजारों भक्तगण प्रसाद ग्रहण करने पधारेंगे। इस दौरान भगवान बड़े बालाजी का आकर्षक श्रृंगार भी किया जाएगा तथा मंदिर को भी सजाया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला समिति के सदस्यगण विनय दुबेला, अनिल कियावत, चौथमल शर्मा, नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी (ऊँ शांति), सज्जनलाल खमेसरा, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, शिवशंकर सोलंकी, कपिल सोलंकी, नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, राजाराम तंवर, जीवनलाल गोसर, वरदीचंद कुमावत, मुन्ना बैटरी, विनोद रूनवाल आदि ने सभी भक्तों से महाप्रसादी में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का आव्हान किया है।

# फूड पाइजनिंग से प्रभावित हुए मरीजों को पर्याप्त दवाइयों का किट उपलब्ध कराया जाए-सिसौदिया

**उज्जैन से लौटते हुए फतेहगढ़ रुककर मरीजों से कुशलक्षेम जानी**



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फतेहगढ़ में श्री मुकेश ठन्ना (धाकड) के परिवार में विवाह समारोह के आयोजन में आगंतुक मेहमानों को खाद्य विषाक्तता (फूड पाइजनिंग) हो गई।

गत रात्रि से विवाह समारोह में सम्मिलित मेहमानों को खाद्य विषाक्तता की शिकायत धीरे-धीरे बढ़ने लगी और सुबह होते-होते यह बड़ी संख्या को प्रभावित कर गई। फतेहगढ में ही विद्यालय भवन तथा धाकड धर्मशाला में तत्काल प्रभाव से स्वास्थ्य विभाग तथा समाजसेवी संगठन और गांव वालों ने मोर्चा संभाला और अस्थाई अस्पताल बनाकर प्राथमिक उपचार किया गया। पूरे घटनाक्रम में लगभग 500 मरीज प्रभावित होना बताया जा रहा है। पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसौदिया ने बताया कि वे परिवार में उज्जैन शादी समारोह में थे। जहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री प्रदीप धाकड तथा श्री दशरथ धाकड ने इस घटना से अवगत कराया, श्री सिसोदिया परिवार सहित उज्जैन से लौटते वक्त गांव फतेहगढ रुके तथा मरीजों, चिकित्सकों तथा परिजनों से चर्चा की तथा मरीजों के हाल जाने। श्री सिसोदिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर चौहान से दूरभाष पर चर्चा कर यह सुझाव एवं परामर्श दिया कि जिन मरीजों का उपचार एवं प्राथमिक उपचार हुआ है, उन्हें जिला चिकित्सालय की ओर से आवश्यकता अनुसार किट तैयार कर सभी को घर-घर वितरित किया जाए तथा जिला चिकित्सालय में इस घटना से प्रभावित हुए लगभग 12 मरीजों को पर्याप्त उपचार की सुविधा मुहैय्या कराई जाए, इस हेतु संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

## आज दी जाएगी राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को श्रृंद्धाजली



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविघालय की मुखिया रहीं राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को मंदसौर में ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों समेत गणमान्यजनों द्वारा आज 20 अप्रेल रविवार को प्रात: 8 से 9 बजे तक स्थानीय सेवा केन्द्र आत्म कल्याण भवन तलेरा विहार पर श्रृद्धासुमन अर्पित किए जाऐगे। यह जानकारी सेवा केन्द्र की संचालिका बीके उषा ने देते हुए बताया कि प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविघालय की मुख्य प्रशासिका एवं युवा प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी दादी डॉ रतनमोहिनी के अव्यक्तारोहण पर उनकी दिव्य स्मृति में श्रृंद्धाजली दी जाऐगी। इस अवसर पर दादी से जूड़े प्रेरक प्रसंग, पुण्य स्मरण किया जाऐगा। बीके उषा ने बताया कि श्रृद्धासुमन अर्पित करने हेतु बीके भाई-बहन समेत गणमान्यजन आज 20 अप्रेल रविवार को स्थानीय सेवा केन्द्र आत्म कल्याण भवन, तलेरा विहार पर प्रात: 8 से 9 बजे के मध्य अवश्य पधारे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 31 | 2200 | 2260 |
| उडद | 6 | 6000 | 6251 |
| सोयाबीन | 4122 | 3650 | 4520 |
| गैहु | 12500 | 2400 | 2952 |
| चना | 886 | 5551 | 5880 |
| मसुर | 162 | 6000 | 6251 |
| धनिया | 212 | 5560 | 7551 |
| लहसुन | 20000 | 2560 | 8275 |
| मैथी | 1131 | 4090 | 5800 |
| मुंगफली | 941 | 4700 | 5440 |
| अलसी | 1938 | 6700 | 7500 |
| सरसो | 360 | 5500 | 5910 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 160 | 9400 | 12899 |
| प्याज | 3702 | 250 | 911 |
| कलोंजी | 17 | 17001 | 20391 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 135 | 5500 | 8800 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| जौ | 40 | 2125 | 2200 |
| मटरसुखी | 3 | 1750 | 2800 |
| असालीया | 107 | 6890 | 7600 |
| चियाबीज | 104 | 10400 | 13191 |

### रामपुरा को मिली पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी सौगात...

# आज मुख्यमंत्री करेंगे चीता प्रोजेक्ट का शुभारम्भ

**मनासा, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 20 अप्रैल रविवार को जिले की मनासा विधानसभा के रामपुरा व खिमला ब्लाक पहुचेंगे। रामपुरा में शंखोद्वार मेला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में जनता को संबोधित करेंगे, उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू ने बताया कि मुख्यमंत्री के मनासा विधानसभा में आगमन को लेकर सारी तैयारीयां पुर्ण कर ली गई है। हेलीपेड व रामपुरा में होने वाले कार्यक्रम स्थल को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव 20 अप्रैल को हेलीकॉप्टर से जावद पहुंचकर सीएम राइज स्कूल भवन के लोकार्पण समारोह एवं हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। साथ ही नवीन उद्योगों एवं विभिन्न विकास कार्यों, निर्माण कार्यों के भूमि पूजन करेंगे। जावद में कार्यक्रम के पश्चात हेलीकॉप्टर से रामपुरा के मेला ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करेंगे। विधायक मारु ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री व रामपुरा के लाल जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, बंशीलाल गुर्जर, एवं नीमच, मंदसौर जिले के विधायक एवं जिला अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।



**चिता प्रोजेक्ट का करेंगे शुभारंभ**–विधायक मारु ने बताया कि मुख्यमंत्री जी रामपुरा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यो एवं निर्माण कार्यों के लोकार्पण, भूमि पूजन एवं हितग्राहियों को लाभान्वित करने के पश्चात जल गंगा अभियान के तहत बावड़ी की सफाई करेंगे। खिमला में चीता प्रोजेक्ट के तहत निर्मित गांधी सागर अभ्यारण के बाड़े में दो चीते छोड़कर चीता प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन के दो दिन पुर्व जिले के अधिकारीयों के साथ खिमला में चीता प्रोजेक्ट के बाडे के मुख्य द्वार के सामने हेलीपैड निर्माण, बाड़े में बैरिकेडिंग, वायर फेंसिंग, सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण एवं चीते छोड़ने के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी निर्देश अधिकारीयों को दिए। साथ ही रामपुरा में कार्यक्रम स्थल हेलीपैड, मंच स्थल, पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**सीएम राइज स्कुल का करेंगे लोकार्पण**–मुख्यमंत्री डा. यादव जिले में विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पुजन व लोकार्पण करेंगे। इसमें मनासा व जावद में बने नवीन सीएम राइज स्कुल, मनासा का आईटीआई भवन, कुकडेश्वर का तहसील भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का लोकार्पण, नीमच में भाटखेडा से कनावटी तक बनने वाली फॉर लेन सड़क का भूमि पुजन सहित अन्य छोटे बड़े विकास कार्यों के लोकार्पण करेंगे।

# महासोम यज्ञ के बाद संपूर्ण क्षेत्र दिव्य ऊष्माओं से पोषित होगा-पूज्य महाराज श्री

### पूर्णाहुति के मंगल मंत्रों से सानंद संपन्न हुआ महासोमयज्ञ



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आप मंदसौर वासियों ने महासोमयज्ञ जैसा विराट अनुष्ठान यहां आयोजित कर इस पवित्र नगरी के कण-कण को और पवित्रतम कर दिया है। निश्चित ही महासोम यज्ञ की उश्माओं से यह संपूर्ण अतिशय क्षेत्र नई उष्माओं से पोषित होगा और जन-जन का कल्याण होगा। यह विचार वैष्णवाचार्य वल्लभ कुल परंपरा के द्वितीय पीठाधीश्वर पद्मभूषण डॉ. गोकुलोत्सव जी महाराजश्री ने श्री वल्लभाचार्य नगर कालाखेत प्रांगण में 6 दिवसीय श्री विराट वाजपेय महासोम यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात व्यक्त किए। आपने कहा कि महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी द्वारा प्रवर्तित पुष्मिार्गीय परंपरा की हवेली श्री गोवर्धन नाथ मंदिर में आज से 35 वर्ष पूर्व मंदसौर में महासोम करने का संकल्प किया गया था।

ठाकुर जी श्री गोवर्धननाथ जी की असीम अनुकंपा से हम सभी का यह मनोरथ सफलतापूर्वक सानंद संपन्न हुआ है। भगवान यज्ञ नारायण की प्रत्यक्ष कृपा महासोम यज्ञ में हम सब पर हुई है यह परम सौभाग्य का प्रसंग है। ठाकुर जी जब हम पर परम प्रसन्न होते हैं तभी हमारे मनोरथ पूरे होते हैं। मंदसौर नगर पर ठाकुर जी की विशेष अनुकंपा हुई है जिससे भविष्य में यहां बहुत सकारात्मक परिवर्तन दिखेंगे। महाराजश्री ने आयोजन समिति के संयोजक सांसद सुधीर गुप्ता तथा अध्यक्ष प्रहलाद काबरा तथा पूरी टीम को।

**इस भव्य महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए साधुवाद दिया**– महासोम यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात आयोजन समिति की ओर से संयोजक सांसद सुधीर गुप्ता अध्यक्ष प्रहलाद काबरा महामंत्री ब्रजेश जोशी, समन्वयक गौरव अग्रवाल, तथा विजय सुराणा के के बाहेती, उमेश पारिख,जीतू पारिख, विक्रम भटनागर राजेश नामदेव, विनय पारिख, हेमन्त शर्मा,प्रकाश सिसोदिया, संजय गोठी, धीरज पाटीदार, हेमन्त शाह,राजेंद्र चाष्टा,प्रद्युम्न शर्मा आदि ने पूज्यश्री गोकुलोत्सव जी महाराज का सम्मान कर उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया जिसका वाचन ब्रजेश जोशी ने किया। अंत में सभी का आभार अध्यक्ष प्रहलाद काबरा ने माना। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमंत शर्मा ने दी।

**पूर्णाहुति के समय पर यज्ञशाला में बना दिव्य वातावरण**–6 दिवसीय महासमुंद यज्ञ के समापन दिवस सायंकाल महासोम यज्ञ की पूर्णाहुति के समय संपूर्ण यज्ञ शाला में बड़ा ही दिव्य वातावरण निर्मित हुआ पूर्णाहुति के मंगल मित्रों से समूचा प्रांगण गूंज उठा। पूर्णाहुति के दौरान यज्ञशाला में सभी वेदियों पर यज्ञार्थियों ने आहुतियां दी। इस समय दर्शन दीर्घा में भी यज्ञ दर्शन के लिए सैकडो श्रद्धालु उपस्थित थे। ओर कई श्रद्धालु यज्ञ परिक्रमा भी कर रहे थे।

**राज्यसभा सांसद गुर्जर और एसपी आनंद ने भी दी महायज्ञ में आहुतियां**–महासोम यज्ञ की पूर्णाहुति के समय राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भी यज्ञशाला में वेदी पर बैठकर आहुतियां दी। जबकि पांचवें दिवस संध्या के सत्र में जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने भी सपत्नीक सोमयज्ञ की वेदी पर बैठकर आहुतियां दी। समरसता के भाव से आयोजित इस महायज्ञ में साठिया समुदाय के भी जोड़े शामिल हुए।

**पूर्णाहुति के बाद यज्ञ सामग्री लेने उमडे श्रद्धालु**–मान्यता है कि यज्ञशाला में पूर्णाहुति के बाद जो यज्ञ सामग्री रहती है जैसे वेदी की ईंटे यज्ञशाला में लगाए गए बांस और अन्य भी सामग्री इनका भी बहुत महत्व होता है और श्रद्धालु इन्हें शुभ शगुन मानकर अपने घर ले जाकर पूजा स्थल पर रखकर पूजते हैं। महासोमयज्ञ की शाला की सामग्री के लिए तो पूर्णाहुति के बाद ऐसी होड़ मची कि कोई ईंटें ले जा रहा कोई बांस तो अनेकों ने वेदी की भभूत ओर अन्य सामग्री ली यह दृश्य भी बड़ा विहंगम था।

# साढ़े तीन लाख की चोरी

### छत पर सो रहा था परिवार, नकदी-जेवर चुरा ले गये बदमाश

**रतनगढ़, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर में 16 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद चोरी की वारदातें थम नहीं रही हैं। ताजा मामला वार्ड नंबर 11 बोहरा घाटी का है। यहां चोरों ने एक घर से लाखों के नकदी और जेवरात चुरा लिए तो वहीं एक घर से फ्रिज में रखा खाना भी खा गए।

### शोरूम संचालक के घर में लगाई सेंध...

शुक्रवार की रात को अमजद खान के घर चोरी हुई। परिवार छत पर सो रहा था। चोर खिड़की तोड़कर कमरे में घुसे। उन्होंने अलमारी का ताला तोड़कर 3 लाख 70 हजार रुपए की चोरी की। चोर यहां से नकदी समेत एक किलो चांदी के सिक्के और जेवरात भी ले गये। चोरों ने चांदी के पायजब, बच्ची की चूड़िया, बिछिया के साथ सोने का हार, टॉप्स और दो अंगूठियां भी चुरा ली। पीड़ित अमजद खान रतनगढ़ में खुशी मोटर्स नाम से होंडा शोरूम चलाते हैं। उन्होंने बताया कि चोरी गई राशि में बाइक की किश्तो के 03 लाख रुपए और उनकी पत्नी के 70 हजार रुपए शामिल थे।

**मंदिर से घंटा भी चुराया**–इसी रात चोर पास के हकीमिया मेडिकल स्टोर के मकान में भी घुसे। वहां खिडक़ी की जाली तोडक़र अंदर घुसे और फ्रिज में रखा खाना खा गए। इसके अलावा रतनगढ़ किले के हनुमान मंदिर से पीतल का घंटा भी चोरी हो गया।

**अब तक नहीं हुआ चोरियों का खुलासा**–रतनगढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र झा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। चोरों को जल्द पकड़ने का दावा किया है। लगातार हो रही चोरियां नए थाना प्रभारी के लिए बड़ी चुनौती बन गई हैं।

### नि:शुल्क जूडो, ताईक्वाण्डो, कराते, वूशु, मार्शल आर्ट टेलेन्ट सर्च प्रशिक्षण शिविर से...

# तैयार हो रही है नए खिलाड़ियों की पौध

**नीमच, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विद्यार्थियों को खेलो से जोड़ने एंव प्रतिभाओं को अवसर प्रदान के उद्देश्य से दिनांक 5 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक नि:शुल्क जूडो, ताईक्वाण्डो, कराते, वूशु मार्शल आर्ट टेलेन्ट सर्च खेल प्रशिक्षण शिविर नोडल खेल विद्यालय शा.बा.उ.मा.वि.क्रं. 2 नीमच में संचालित किया जा रहा है।

मुख्य प्रशिक्षक श्री भरत सिंह कुमावत जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण सायंकाल 5 से 7 बजे तक जूडो ताईक्वाण्डो, कराते, वूशु एंव आत्मरक्षा कला खेलो का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसमें शहरी ,ग्रामीण ,विद्यालयीन एंव गैर विद्यालयीन सभी वर्ग के 60 बालक बालिकाए इस खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण शासन द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर एंव मुख्य प्रशिक्षक श्री भरत सिंह कुमावत व्यायाम शिक्षक शा.बा.उ. मा.वि.क्रं. 2 नीमच एंव बालिकाओं को प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर की खिलाडी सू.श्री तृषिता सोलंकी व्यायाम शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 1 नीमच से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकारो के व्यायाम, जूडो खेल की मूल स्कील,रोल तकनीक, फाल तकनीक, थ्रौ तकनीक पैरसे, हाथ से कमर से गिराने के तरीके,हिप थ्रो,शोल्डर थ्रो,लैग थ्रो,विरोधी को विभिन्न प्रकारो से दबोचन के तरीके,लॉक,चोक एवं फाईट तकनीक इत्यादि सिखाई जा रही है ताईक्वाण्डो,वूशू,कराते के विभिन्न प्रकारो के थ्रौ तकनीक, स्टान्स, ब्लाक, पंच, कीक, राउड्ड हाउस किक, स्ट्रेटकिक, सिगंलपंच, ट्रिपलपंच, क्लोजपंच, नीकिक ,हुककिक जंपिग किक, बैक किक ,साईडकिक एल्बोस्ट्राइक, अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही अपनी आत्मरक्षा निहत्थे ही किस प्रकार से की जाए, चाकु से बचाव,लाठी से बचाव,आदि प्रकार के तरीको का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। संकुल प्राचार्य श्री ओ.पी.बंसल ने कहा है कि अधिक सख्या में बालक बालिकाऐ इस अवसर का लाभ लें एंव प्रशिक्षण समय में शा.बा.उ.मा.वि.क्रं. 2 नीमच मे पहुँच कर अपना नाम पंजीकृत करवाकर नि:शुल्क जूडो, ताईक्वाण्डो, कराते, वूशु मार्शल आर्ट खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर खेल कौशल के साथ साथ अपनी आत्मरक्षा स्वयं करना सीखें।



# आरटीई: मई के पहले सप्ताह में शुरु होंगे प्रवेश

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत जरूरतमंद परिवार के बच्चों का अशासकीय स्कूलों में दाखिला करवाने 2025-2026 के लिए प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु हो गई है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने 23 अप्रैल तक वास्तविक आंकड़े पोर्टल पर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि 26 अप्रैल तक सत्यापन अधिकारी की नियुक्ति व प्रशिक्षण पूर्ण कर जानकारी भेजें। विभागीय सूत्रों के अनुसार मई के पहले सप्ताह में प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो जाएगी।

आरटीई के तहत इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। पिछले साल 22 मार्च-2024 तक प्रथम चरण की प्रक्रिया पूर्ण होकर करीब नौ सौ बच्चों को प्रवेश दे दिया था। इस बार अप्रैल खत्म होने आया और शेड्यूल जारी नहीं हुआ। विभागीय सूत्रों के अनुसार विगत दिनों हुई ऑनलाइन बैठकों में सामने आया कि प्रदेश में नवीनीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ हैं। जिले में भी करीब 350 स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण और नई मान्यता की प्रक्रिया चल रही है। स्कूल चाहकर भी आरटीई के तहत अब तक अपने स्कूलों में प्रवेश देने के लिए पोर्टल पर अपडेट नहीं कर पा रहे हैं।

### जनशिक्षक से स्कूलों का निरीक्षण कराये...

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संचालक हरजिंदर सिंह ने सभी डीपीसी को पत्र जारी किया। इसमें आरटीई प्रक्रिया जल्द शुरू करने की बात कही हैं। निर्देश दिए कि जिन पात्र स्कूलों ने अब तक गत वर्ष के प्रारंभिक कक्षा में दर्ज बच्चों की वास्तविक जानकारी अपडेट नहीं की या आंकड़े मेल नहीं खा रहे हें। ऐसे स्कूलों की जानकारी तत्काल निकालें और जनशिक्षक के माध्यम से ऐसे स्कूलों का निरीक्षण करवाएं। साथ ही हर स्थिति में 23 अप्रैल तक पोर्टल पर वास्तविक आंकड़े दर्ज करवाएं। जो जानकारी दर्ज नहीं करे, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करें।

# बिनोली में दो पक्षों में मारपीट, 7 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बिनोली में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों पर केस दर्ज किया। कचनारा निवासी सरेकुंवर पति धर्मेन्द्र बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई गांव में समाज में शादी होने पर बिनोली निकल रही थी, इसी दौरान गांव के कमल पिता भंवरलाल बागरी, जितेन्द्र पिता कमल बागरी व जीवन पिता विनोद बागरी, काचरिया चन्द्रावत, थाना पिपलियामंडी निवासी राहुल पिता बद्रीलाल बागरी ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी सास रामकन्याबाई के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह कचनारा निवासी जीवन बागरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बिनोली में धर्मेन्द्र पिता बादर बागरी, सरेकुंवर पति धर्मेन्द्र बागरी, व रामदयाल पिता कन्नीराम बागरी ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई काचरिया चन्द्रावत निवासी ज्योति पति शंकरलाल बागरी व कचनारा निवासी कंचनबाई पति भंवरलाल बागरी के सिर पर पत्थर से वार किया, जिससे दोनों महिलाएं घायल हो गई। पुलिसने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### राष्ट्र व सनातन जागरण पर परिचर्चा आज

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद के संयुक्त आयोजन में 'जीवन के लिए सबसे आवश्यक तत्व - सुरक्षा' विषय पर परिचर्चा का आयोजन दिनांक 20 अप्रैल 2025 , रविवार को प्रात: ठीक 11 बजे श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर परिसर, बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर, मन्दसौर पर रखी गई है। राष्ट्र व सनातन जागरण के इस पुनीत अभियान में सभी राष्ट्र अनुरागी युवा, महिला एवं पुरुष सादर आमंत्रित हैं।

# व्यक्ति को जीवनभर सदैव एक खेल से जुड़े रहना चाहिए -एसपी



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** 16 अप्रैल से जनरल बिपिन रावत क्रीडा प्रांगण से प्रारंभ होकर 18 अप्रैल को सम्राट यशोधर्मन सभागार में इंटर स्कूल चैंपियनशिप का समापन हुआ। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद ने कहा कि व्यक्ति को जीवन भर सदैव एक खेल से जुड़े रहना चाहिए जिससे मानसिक और शारीरिक संतुलन बना रहता है।

खेलों को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के उददेश्य से विद्या भारती की योजनानुसार सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर में प्रथम इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल संघ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग,मंदसौर पीजी कॉलेज एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं खो-खो खेलों में विभिन्न आयु वर्ग में खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें लगभग 15 विद्यालय के 600 विद्यार्थी खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, विशिष्ट अतिथि खेल अधिकारी मंदसौर खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश श्री विजेंद्र देवड़ा, भारतीय आदर्श शिक्षण समिति सचिव श्री अशोक पारीख, समिति सहसचिव एवं भारतीय आदर्श शिक्षण समिति प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, भारतीय आदर्श शिक्षण समिति सदस्य श्रीमती वर्तिका पारिक, सरस्वती विद्या मंदिर एवं सैनिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, सैनिक स्कूल कमांडेंट एवं रिटायर्ड कर्नल श्री शरद मोहन सिंह, सीबीएसई विद्यालय प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्या सुश्री लक्ष्मी राठौड़, पीजी कॉलेज खेल अधिकारी श्री राजू कुमार, खेलप्रमुख श्री दिनेश यादव, विद्यालय के आचार्य दीदी एवं शहर के विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक, अभिभावक ,प्रतियोगिता के खिलाड़ी व नगर के खेलप्रेमी उपस्थित रहे। समापन समारोह के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। मेजबान टीम सरस्वती विद्या मंदिर, सीबीएसई विद्यालय ने कुल 48 ट्रॉफी और मेडल जीतकर ओवरआल चौंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम दर्ज की।

# शालाओं में 22 को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं।

विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में इको क्लब का गठन भी किया गया है। प्रदेश में विद्यालयों में गठित इको क्लब से 'फ्लोरा (वनस्पति) के लिए क्यूआर कोड' नामक एक शैक्षिक पहल की शुरूआत की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का विकास करना, क्यूआर कोड निर्माण और डिजिटल जानकारी प्रदान करना है। पृथ्वी दिवस के आयोजन में विद्यालय द्वारा इको क्लब फॉर मिशन लाईफ पोर्टल पर पंजीयन किया जायेगा। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियो के समूह बनाएँ जाकर स्कूल परिसर एवं आस-पास के बाग बगीचों इत्यादि में उपलब्ध पेड़-पौधों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जायेगी। विद्यार्थी सूची अनुसार पेड़-पौधों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर डिजिटल डेटाबेस भी तैयार करेंगे। क्यूआर कोड में उस पेड़ पौधे से संबंधित जानकारी यथा पेड़ (फ्लोरा) का नाम एवं स्थानीय नाम, पेड़ का वैज्ञानिक नाम, पेड़ का प्रकार, फलदार/औषधि/सजावट/अन्य, वनस्पति के बारे में जानकारी जैसे पोषण मूल्य, लाभ, उपयोग आदि भी उपलब्ध होगी।

# डब्ल्यूसीआर से गुजरने वाली 26 ट्रेनें रद्द

### गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों को रेलवे ने दिया जोर का झटका

**जबलपुर, 19 अप्रैल। गर्मियों की छुट्टियों में ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानियां अगले कुछ सप्ताह तक बढ़ाने जा रही है। उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर मंडल में तीसरी लाइन के इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसके चलते कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। कई ट्रेनें अलग-अलग तारीख में रद्द की गई हैं।**

दरअसल, इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर व भोपाल मंडल से गुजरने वाली करीब 26 ट्रेनों को अलग-अलग दिनों में कैंसिल किया गया है। रेलवे मंडल की तरफ से जारी सूचना के अनुसार ये ट्रेनें 17 अप्रैल से लेकर 7 मई तक अलग अलग दिनों में निरस्त रहेंगी। कैंसिल ट्रेनों की लिस्ट देखें।




**ये ट्रेनें कैंसिल रहेंगी**–गाड़ी संख्या 12591 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 26 अप्रैल को नहीं चलेगी। ट्रेन नंबर 12592 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस 28 अप्रैल को कैंसिल रहेगी। गाड़ी संख्या 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 28 अप्रैल के दिन निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 30 अप्रैल का संचालन नहीं होगा। गाड़ी संख्या 12589 गोरखपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 30 अप्रैल गोरखपुर से नहीं चलेगी। गाड़ी संख्या 12590 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस 1 मई को नहीं चलेगी।

**ये ट्रेनें दो दिन कैंसिल रहेगी**–ट्रेन नंबर 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 17 अप्रैल, 2 मई को निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 19 अप्रैल, 3 मई के दिन कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टा। एक्सप्रेस 22 और 29 अप्रैल को नहीं चलेगी। ट्रेन नंबर12598 छत्रपति शिवाजी महाराज टा-गोरखपुर एक्सप्रेस 23, 30 अप्रैल को कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 15023 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 22, 29 अप्रैल के दिन नहीं चलेगी। ट्रेन नंबर 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 अप्रैल और 1 मई को निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 15029 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 24 अप्रैल और 1 मई को निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 26 अप्रैल, 3 मई के दिन भोपाल के लिए नहीं चलेगी। ट्रेन नंबर 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस 24 अप्रैल, 1 मई को निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 27 अप्रैल, 4 मई को कैंसिल रहेगी।

**पांच दिनों के लिए इन ट्रेनों का नहीं होगा संचालन**–गाड़ी संख्या 15067 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 16, 23, 30 अप्रैल को संचालन नहीं होगा। वहीं, गाड़ी संख्या 15068 बांद्रा टा-गोरखपुर एक्सप्रेस 18, 25 अप्रैल, 2 मई को कैंसिल रहेगी। गाड़ी संख्या 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस 27 अप्रैल, 1, 2, 4 मई को नहीं चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 12512 कोचुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस 30 अप्रैल, 4, 6, 7 मई को निरस्त रहेगी।

**7 दिन से लेकर 2 वीक तक** – ट्रेन नंबर 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर काशी एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 3 मई तक प्रतिदिन नहीं चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल काशी एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 3 मई तक प्रतिदिन कैंसिल रहेगी। ट्रेन नंबर 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस 15 से 29 अप्रैल और, 1, 2, 4 मई को कैंसिल रहेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस 16 से लेकर 30 अप्रैल तक इसके बाद 2, 3, 5 मई तक नहीं चलेगी। ट्रेन नंबर 20103 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 19 अप्रैल से 2 मई तक प्रतिदिन नहीं चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 20104 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस 20 अप्रैल से 3 मई तक प्रतिदिन कैंसिल रहेगी।

### अनुपस्थित वार्ड बाय को कारण बताओं नोटिस जारी

**नीमच, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला चिकित्सालय नीमच के सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील ने गत 18 अप्रेल 2025 को ड्यूटी से अनुपस्थित वार्ड बाय श्री हितेन्द्र कंडारा को कारण बताओं नोटिस जारी कर, अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुरत करने के निर्देश दिए है। सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटिल ने बताया, कि जिला अस्पताल नीमच में 18 अप्रेल 2025 को मॉर्निंग ड्यूटी से वार्ड बाय श्री हितेन्द्र कंडारा बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित रहे तथा इस वजह से वार्ड में भर्ती मरीज रमेशचंद्र पिता प्यारेलाल भील की सिटी स्केन कराने हेतु उनकी पत्नि द्वारा दोपहर 1.30 बजे स्ट्रेक्चर धकाये जाने का वीडियों वायरल हुआ है। अत: जिला चिकित्सालय की छवि खराब होने पर संबंधित वार्ड बाय को नोटिस जारी कर, स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।



# नरवाई नहीं जलाने के लिए जनजागरूकता रथ रवाना

**नीमच, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले में नरवाई नहीं जलाने के लिए किसानों को प्रेरित करने हेतु जनजागरूकता रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रचार रथ भ्रमण के दौरान गाँवों में कृषि संगोष्ठी का आयोजन कर, किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री भगवान सिह अर्गल एवं डिप्टीस कलेक्ट र श्री चंद्रसिह धार्वे ने कलेक्टोनरेट परिसर से शनिवार को प्रचार रथ को हरि झण्डी् दिखाकर रवाना किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in